हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 13 जून 2026

04 पेट्रोल पंपों पर नियमों की सरेआम उड़ रही धज्जियां...



07 ओसवाल डेनिम फैक्ट्री में मजदूरों की हड़ताल...





**खबर संक्षेप**

### आज होगा गोपेश्वर महादेव मंदिर में शिव का अभिषेक

**सीहोर।** शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यहां पर भव्य रूप से छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में भगवान गोपेश्वर महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया गया है। सवा माह के पश्चात यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को सुबह दस बजे यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी सहित अन्य विप्रजनों के सानिध्य में भगवान शिव का विशेष अभिषक किया जाएगा। संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि गोपेश्वर महादेव मंदिर में नियमित रूप से शिव चालीसा का पाठ के अलावा भगवान का एक लोटा जल से अभिषेक प्रतिदिन किया जा रहा है। शुक्रवार को भी महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। अब शनिवार को सुबह दस बजे शांति हवन, भगवान शिव का विशेष अभिषेक और शिव चालीसा का पाठ किया जाएगा। शिव चालीसा का नियमित पाठ करना अत्यंत फलदायी है, जो 30 दिन लगातार करने से मनोकामनाएं पूरी करता है। यह मानसिक शांति, भय से मुक्ति, और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सबसे आसान उपाय है।

### 1.01 करोड़ की लागत से सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर बनने जा रहा पहला सिद्धपुर द्वार, दो और बनेंगे

# विधायक राय के प्रयासों से इतिहास के पन्नों से निकलकर जमीं पर उतरेगा क्षेत्र में 'सिद्धपुर'

### जिसे सब कहते थे सिद्धपुर, पूरे सीहोर में उसके नाम की एक ईंट तक नहीं थी, न ही सरकारी कागजों में था कोई वजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कहते हैं कि इतिहास गवाहों से बनता है, लेकिन मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर सीहोर के साथ सदियों से एक बड़ा ही दिलचस्प और अनोखा विरोधाभास चल रहा था। हर कोई शान से कहता है कि सीहोर का प्राचीन नाम 'सिद्धपुर' है, लेकिन अगर आज कोई मुसाफिर सीहोर आकर पूछे कि भाई, मुझे वो सिद्धपुर दिखाओ तो पूरे शहर में ऐसी एक भी धरोहर, बोर्ड या निशानी नहीं थी जिसे उंगली दिखाकर कहा जा सके कि 'यह सिद्धपुर है'। सबसे मजेदार और चौंकाने वाली बात तो यह है कि आज तक सरकारी लिखा-पढ़ी या किसी दफ्तर के दस्तावेजों में भी कभी 'सिद्धपुर' नाम दर्ज ही नहीं हुआ।

लेकिन अब सदियों का यह सूखा खत्म होने जा रहा है। विधायक सुदेश राय के प्रयासों की बदौलत सीहोर शहर को आखिरकार उसकी खोई हुई प्राचीन पहचान 'सिद्धपुर' के रूप में वापस मिलने जा रही है। यह पहचान किसी कागजी वादे से नहीं, बल्कि शहर के प्रवेश द्वारों पर बनने वाले तीन भव्य और आकर्षक 'सिद्धपुर द्वारों' से मिलेगी।

#### 1.01 करोड़ से सैकड़ाखेड़ी पर भव्य भूमिपूजन

बीते दिनों सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर 1 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से बनने वाले भव्य सिद्धपुर प्रवेश द्वार का विधिवत भूमिपूजन किया गया। राजस्थानी कलाकृति और नक्काशी से सजे इस ऐतिहासिक द्वार का भूमिपूजन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक सुदेश राय ने पूरे विधि-विधान के साथ किया।

**विधायक बोलेः प्रवेश द्वार ही नहीं, जल्द ही सीहोर का नाम भी होगा सिद्धपुर**




#### पहली बार सरकारी कागजों में आएगा 'सिद्धपुर' नाम

इस पूरे प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी और खास बात यह है कि इन द्वारों का निर्माण सरकारी एजेंसी आरईएस द्वारा किया जा रहा है। इसका सीधा मतलब यह है कि आजादी के बाद यह पहला मौका होगा जब सरकारी टेंडर, फाइलों और प्रशासनिक दस्तावेजों में अधिकारिक तौर पर सिद्धपुर नाम का उल्लेख होगा। यह सीहोर की आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने गौरवशाली इतिहास को छूकर महसूस करने जैसा होगा।

#### शहर के चारों कोनों पर गूंजेगा प्राचीन नाम

विधायक सुदेश राय ने कहा है कि सीहोर ऋषियों और सिद्धों की भूमि सिद्धपुर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आशीर्वाद से आज सीहोर चौतरफा विकास की राह पर है, जहां करोड़ों-अरबों के काम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल सैकड़ाखेड़ी ही नहीं, बल्कि आने वाले समय में इंदौर-भोपाल मार्ग पर स्थित क्रिसेंट चौराहा और सोया चौपला चौराहा पर भी इसी तरह के दो और भव्य सिद्धपुर प्रवेश द्वार खड़े किए जाएंगे। यानी अब बाहर से आने वाले हर शख्स को पता होगा कि वह संतों की पावन धरा सिद्धपुर में कदम रख चुका है।



#### सीहोर का भी नाम बदलने भी भेजा प्रस्ताव

शहर के तीनों ही प्रवेश द्वारों का नाम सिद्धपुर रखा जा रहा है। इसके साथ ही अब पूरे सीहोर का नाम भी बदलकर सिद्धपुर करने के लिए हमने शासन को आधिकारिक प्रस्ताव बनाकर भेजा है, जो वर्तमान में प्रक्रिया के अधीन है। विधानसभा कार्रवाई के दौरान भी हमने पटल पर यह प्रस्ताव रखा है।

-**सुदेश राय**, विधायक सीहोर

**आखिर क्यों कहा जाता है इसे सिद्धपुर :** बताया जाता है कि सीहोर का इतिहास 2000 वर्ष से भी ज्यादा पुराना है। प्राचीन काल में यह इलाका घने जंगलों से घिरा था। यहां की सीवन नदी के किनारे शैव, शाक्त, जैन, बौद्ध और नाथ संप्रदाय के महान संतों ने तपस्या की थी। सिद्ध पुरुषों का गढ़ होने के कारण इसका नाम सिद्धपुरश पड़ा, जिसका प्रमाण सीवन नदी के तट पर मिले प्राचीन शिलालेखों (सिद्रपुर या सिद्धपुर) में भी मिलता है।

## भाजपा की जिला कामकाजी बैठक संपन्न, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुआ मंथन



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सीहोर की जिला कामकाजी मासिक बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी सहित मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। ये सभी कार्यक्रम ₹12 वर्ष विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के₹ अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन कार्यक्रमों को पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ सफल बनाएं।

उन्होंने बताया कि जिले में नवीन शक्ति केंद्रों एवं बूथों का गठन कर उनके प्रभारी एवं अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं। सभी शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करें तथा पार्टी की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की शुरुआत 5 जून से हो चुकी है। अभियान के तहत 12 जून से 18 जून तक प्रत्येक विकासखंड स्तर पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक नागरिकों को इन शिविरों का लाभ दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने बताया कि इसी अवधि में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा 15 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं सभागार बैठकों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 19 एवं 20 जून को जिले में दो स्थानों पर प्राकृतिक कृषि कार्यशालाएं आयोजित होंगी तथा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक मंडल स्तर पर योग अभ्यास शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, तीनों महामंत्री पंकज गुप्ता,जितेंद्र गौड़ एवं तारा कटारिया मंचासीन रहे। इसके अतिरिक्त समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नृसिंह मंदिर मंडल के तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन

**सीहोर।** शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ नृसिंह लक्ष्मी मंदिर पर करीब 35 सालों से प्रत्येक ग्यारस पर भजन संध्या का आयोजन निरंतर नृसिंह मंदिर मंडल के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस मंडल में शहर सहित आस-पास के अनेक भजन मंडलों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। इसको लेकर संस्कार मंच, सनातन सेना सहित अन्य ने मंडल के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया।

इस मौके पर संत माधवदास महाराज और सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट सहित अन्य ने यहां पर मौजूद दुर्गेश यादव, विष्णु सेन, देवी सिंह, मिथलेश शर्मा, रमेश मेवाड़ा, विनित विश्वकर्मा आदि शामिल थे। जिनका स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि दुर्गेश यादव के पिता श्री सहित अन्य के द्वारा करीब 35 सालों से शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में प्रत्येक ग्यारस के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि यह व्रत हर तीन वर्ष में एक बार आता है, क्योंकि इसका संबंध अधिकमास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि से होता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो व्यक्ति इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक भगवान विष्णु की पूजा करता है, उसके जीवन से दुख, दरिद्रता और आर्थिक परेशानियां दूर होने लगती हैं। माना जाता है कि इस व्रत के प्रभाव से धन, धान्य, यश और सम्मान में वृद्धि होती है। इस बार परम एकादशी का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है, जिसे सभी कार्यों के लिए अत्यंत मंगलकारी माना जाता है।

# पेट्रोल पंप पर बड़ा हादसा टलाः पेट्रोल भराते समय बाइक में लगी आग, धूं-धूं कर जली

### अग्निशामक यंत्र नहीं चले, पाइप से पानी डालकर पाया काबू, जांच की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र के लाडकुई स्थित सिंहपुर मार्ग पर शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब चन्दा सूरज भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाते वक्त एक बाइक में अचानक भीषण आग लग गई। चंद सेकंड में आग ने विकराल रूप ले लिया और बाइक धू-धू कर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि समय रहते सभी लोग दूर हो गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना कुछ ही पलों में बड़े हादसे में बदल सकती थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक युवक अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने पंप पर पहुंचा था। कर्मचारी जैसे ही टंकी में पेट्रोल डाल रहा था, तभी अचानक बाइक से चिंगारी निकली और पेट्रोल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। पंप के बीचों-बीच लगी इस आग ने वहां मौजूद अन्य वाहन चालकों और कर्मचारियों के बीच दहशत फैला दी। कई लोग अपनी गाड़ियां वहीं छोड़कर भाग निकले। हालांकि राहत की बात यह रही कि आग आसपास खड़े अन्य वाहनों या पेट्रोल टैंक तक नहीं पहुंची। यदि आग फैलती, तो बड़ा विस्फोट हो सकता था और जान-माल का भारी नुकसान संभव था। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ मिनटों की यह घटना पूरे इलाके को दहला गई और हर कोई सहम गया।



#### अग्निशामक यंत्र बने शोपीस, पाइप से बुझानी पड़ी आग

घटना के दौरान पेट्रोल पंप की फायर सेफ्टी व्यवस्था पूरी तरह फेल नजर आई। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों का आरोप है कि जब आग लगी, तब पंप पर मौजूद अग्निशामक यंत्र काम नहीं आए। कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन उपकरणों ने ऐन वक्त पर साथ नहीं दिया। अंततः पंपकर्मियों ने पाइप से पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। इस लापरवाही ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### वीडियो वायरल, ग्रामीणों में आक्रोश

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि बाइक आग के गोले में तब्दील हो चुकी है और लोग घबराकर भाग रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप प्रबंधन सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर नहीं है और यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

#### सुरक्षा ऑडिट पर उठे सवाल, जांच की मांग

नियमों के अनुसार पेट्रोल पंपों पर नियमित फायर सेफ्टी ऑडिट किया जाना अनिवार्य है, लेकिन इस घटना ने इन दावों की पोल खोल दी है। आपात स्थिति में उपकरणों का फेल होना यह संकेत देता है कि सुरक्षा इंतजाम केवल कागजों तक सीमित हो सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। खाद्य विभाग के कनिष्ठ अधिकारी प्रकाश सिंह यादव ने कहा कि पेट्रोल पंपों की जांच की जायेगी, सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम एवं अग्निशमन यंत्र भी जांच की जाएगी।

### नगर सरकार आपके द्वार-जनकल्याण शिविर का हुआ शुभारंभ

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर बोले-आमजन को उनकी आवश्यक सेवाएं और योजनाओं का लाभ उनके निकट उपलब्ध कराना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर सरकार आपके द्वार प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इसको लेकर पार्षद मीना दिलीप राठौर ने शुक्रवार को मंडी स्थित नीलम होटल में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया। नगर पालिका द्वारा आयोजित इस विशेष अभियान का उद्देश्य नगर के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन एवं नगरीय निकाय की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि जन कल्याण योजना अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनकी आवश्यक सेवाएं और योजनाओं का लाभ उनके निकट उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जो भी नागरिक किसी योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित हैं, वे शिविर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करें और शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ लें।





नगर पालिका प्रशासन ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे तथा शासन की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से योजना सभापति नरेंद्र राजपूत, पार्षद मीना दिलीप राठौर, सपना मालवीय, विशाल राठौर, कमलेश राठौर एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

#### शिविरों का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा

12 जून - नीलम होटल, मंडी
15 जून - एक्सीलेंस स्कूल, कस्बा क्षेत्र
16 जून - राठौर धर्मशाला, गंज
18 जून - नगर पालिका परिषद कार्यालय

### गणेश मंदिर के पास जबरदस्ती निकाल रहे हैं निजी जमीन में से रास्ता, पीड़ित परिवार ने जताया विरोध



**सीहोर।** गणेश मंदिर के पास स्थित कृषि भूमि को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। जहां पर खसरा नम्बर की भूमि को छोड़कर जबरदस्ती अन्य निजी भूमि पर डरा धमका कर सड़क बनाई जा रही है।

पीड़ित परिवार ने सभी सरकारी दफतरों में सबूतों के साथ अर्जी लगाई है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। परेशान पीड़ित परिवार ने सड़क बनाने के लिए उजाड़ दिए खेत पर बैठकर विरोध दर्ज कराया है और प्रशासन से न्याय देने की गुहार लगाई है। वृद्धा कमला कुशवाह पति स्व. छोटेलाल कुशवाह ने बताया कि पुराने सरकारी रास्ते को बंद कर गणेश मंदिर के पास खसरा नं. 35/3 और 35/5 की कृषि भूमि से रास्ता निकाने की कोशिश की जा रही है। खेत में मुर्म चूरी डलवा कर पक्का बनवाया जा रहा है। जबकी राजस्व न्यायालय ने 9/1/2/1 पर रास्ता बनाने के निर्देश पारित किए है यह भूमि जगदीश कुशवाहा की है। कमला बाई की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सीवन नदी के किनारे से निकले पुराने सरकारी रास्ते को जानबूझकर बंद कर दिया गया है। वृद्धा कमला कुशवाह ने संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। जिले में भूमि विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे है। राजस्व विभाग की गड़वडिय़ों ने किसानों की परेशानी को और भी बड़ा दिया है। इधर तहसीलदार आरआई पटवारियों पर एक पक्षीय कार्रवाही किए जाने के आरोप भी लगा रहे है। जमीनी मामलों में पुलिस भी बिना जांच पड़ताल के ही फरियादियों पर कार्रवाई कर रही है।

खबर संक्षेप



## सीहोर चिल्ड्रन ने आरएसआई को 3-2 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में हर साल की तरह इस साल भी स्वर्गीय कैलाश सारंग के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को शानदार मैचों का आयोजन किया गया, इसके अलावा यहां पर जारी 85 दिवसीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर के दौरान इंटरनेशनल फुटबाल खिलाड़ी सुयश कन्नोजिया और कोच मनोज अहिरवार सहित अन्य ने यहां पर आने वाले खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के चर्च ग्राउंड पर किया जा रहा है प्रतियोगिता के सातवें दिन लीग मैच आयोजित किया जा रहे हैं आज दो मैच खेले गए जूनियर वर्ग में आरएसआई और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर चिल्ड्रन 3-2 से विजय रही सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से वंश ने दो गोल किये पियुष ने एक गोल किया आरएसआई की तरफ से भूपेंद्र ने एक गोल किया वरुण ने एक गोल किया।

### जिम्मेदारों की अनदेखी से किसानों की मजबूरी और संचालकों की मनमानी पर कैसे लगेगी लगाम?

# पेट्रोल पंपों पर नियमों की सरेआम उड़ रही धज्जियां रात के अंधेरे में फल-फूल रहा डीजल का कारोबार

पंप कर्मचारी पंप से डीजल निकालकर उस ट्रक में लोड कर रहे थे और वहां से वहीं डीजल मनमाने दामों पर किसानों को कुप्पों में भरकर दिया जा रहा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

एक तरफ सरकार किसानों को राहत देने के बड़े-बड़े दावे कर रही हैं तो दूसरी तरफ जमीनी हकीकत इन दावों के बिल्कुल उलट नजर आ रही है। भैरूंदा में इन दिनों डीजल की किल्लत के चलते किसान रवि फसल के लिए डीजल को मोहताज हैं। इस संकट का फायदा उठाते हुए पेट्रोल पंप संचालकों ने नियमों को ताक पर रखकर एक नया गोरखधंधा शुरू कर दिया है। रात के अंधेरे में नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए खुलेआम कुप्पों (कंटेनरों) में डीजल की कालाबाजारी की जा रही है। जबकि जिला कलेक्टर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी सूरत में कुप्पों में डीजल न दिया जाए। कुछ ऐसे ही स्थिति गुरुवार देर रात को नगर के मां रेवा फ्यूल स्टेशन सेमलपानी तिराहे पर देखने को मिली। देर रात तक यहां वाहनों की लंबी कतारें लगी थीं। इनमें कई लोग डीजल लेने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ नहीं, बल्कि छोटे चार पहिया वाहनों के साथ पहुँचे थे। जिनमें बड़ी मात्रा में खाली कुप्पे रखे हुए थे। हैरानी की बात तो यह है कि एक आईसर ट्रक को बकायदा डीजल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर की तरह इस्तेमाल किया जा रहा था।

पंप कर्मचारी पंप से डीजल निकालकर उस ट्रक में लोड कर रहे थे और वहां से वहीं डीजल मनमाने दामों पर किसानों को कुप्पों में भरकर दिया जा रहा था। यह सिलसिला करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक बिना किसी रोक-टोक के चलता रहा। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर ने स्पष्ट आदेश जारी किए हैं कि पंपों से कुप्पों में डीजल नही देना हैं। यह नियम इसलिए बनाया गया है ताकि डीजल की कालाबाजारी पर रोक लग सके और जमाखोरी न हो। बावजूद इसके नगर में कलेक्टर के आदेशों की सरेआम अवहेलना हो रही है। हैरानी तो इस बात की है कि आधिकारिक स्तर पर न तो कोई जांच की जा रही है और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई।




### डीजल की किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ दी

डीजल की किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खरीफ फसल की तैयारी के लिए खेती के कार्यों के लिए डीजल अनिवार्य है। पंप संचालक किसानों की इसी मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। पंप पर पहले से ही नो डीजल का बोर्ड लगा दिया जाता है या फिर बहुत ही कम डीजल होने का हवाला देकर सामान्य किसानों को लौटा दिया जाता है। लेकिन जैसे ही रात होती है डीजल का कोटा जादुई रूप से बाहर आ जाता है। किसान अपनी फसल बचाने के लिए किसी भी दाम पर डीजल खरीदने को तैयार हैं। सूत्र बताते हैं कि है कि कई जगहों पर पंप संचालक सरकार द्वारा निर्धारित दर से कहीं अधिक दाम वसूल रहे हैं। जो किसान अधिक पैसे देने में सक्षम हैं या जिनकी संचालकों से जान-पहचान है, उन्हें डीजल मिल जाता है।

### सुरक्षा मानकों का उल्लंघन- बम के गोले पर बैठा है शहर

डीजल पेट्रोल कोई खुले कुप्पों या प्लास्टिक की बोतलों मैं देना सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन की श्रेणी में आता है। पेट्रोलियम पदार्थों का रख-रखाव और वितरण पेट्रोल पंप पर ज्वलनशील पदार्थों को खुले कुप्पों या प्लास्टिक की बोतलों में देना सख्त मना है। यदि इसे नियमों को तोड़ कर दिया जाता है तो यह केवल पंप के लिए ही नहीं बल्कि आसपास की बस्तियों के लिए भी किसी 'बम' से कम नहीं है। क्योंकि किसी भी प्रकार की रिसाव वाली स्थिति में यह क्षेत्र भीषण आग की चपेट में आ सकता है। इस मामले में पेट्रोलियम कंपनियों के डीलर को यह सुनिश्चित करना होता है कि ईंधन केवल अधिकृत वाहनों में ही डाला जाए। यदि कोई डीलर नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसकी डीलरशिप रद्द की जा सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। लेकिन भैरूंदा में कंपनी के प्रतिनिधि भी चुप्पी साधे बैठे हैं। अब नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आखिर पेट्रोल पंपों का माई-बाप कौन है? क्या प्रशासन को इस अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है, या फिर यह सब मिलीभगत' का खेल है?



**भैरुंदा।** केन ड्रम से डीज़ल भरवाने पहुंच लोग इंतजार करते हुए।

### जांच कर करेंगे कार्रवाई

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि खाद्य विभाग के अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं,नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएंगी।

## 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ना बंद, नियम तोड़ने पर 5 हजार जुर्माना और 6 माह की जेल



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस अवधि को 'बंद ऋतु' (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण करना है।

**नदियों और जुड़े जलाशयों में रहेगा प्रतिबंध :** यह प्रतिबंध जिले की सभी नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों पर लागू होगा। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को मछली पकड़ने या उसका परिवहन करने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंध अवधि में अवैध रूप से मछली पकड़ता या उसका परिवहन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**नियम तोड़ने पर 5 हजार रुपये जुर्माना और जेल होगी :** आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रुपये तक का जुर्माना, छह महीने तक की सजा या दोनों दंड दिए जा सकते हैं। यह प्रतिबंध उन छोटे तालाबों और जल स्त्रोतों पर लागू नहीं होगा, जिनका किसी नदी से सीधा संबंध नहीं है और जो 'निर्दिष्ट जल' की श्रेणी में नहीं आते।

ऐसे निजी या स्थानीय तालाबों में सामान्य रूप से मत्स्य पालन और मछली पकड़ने की गतिविधियां जारी रह सकेंगी।

## जिले के सभी जनपदों व नगरीय निकायों में जनकल्याण शिविर हुए आयोजित

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने हितग्राहियों को किए हितलाभ वितरित

**सीहोर।** जिले के सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र प्रदान किए और शिविरों का निरीक्षण किया। शिविरों में विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। इसी प्रकार 15 एवं 16 जून को भी सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में शिविर लगाए जाएंगे।

सीहोर जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित शिविर में जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ललित दांगी, जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे। इसी प्रकार सीहोर नगर पालिका द्वारा भी जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और पार्षद मीना दिलीप राठौर ने शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। इसी प्रकार इछावर जनपद कार्यालय में आयोजित शिविर में इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, जगदीश पटेल, शंकर



जायसवाल, एसडीएम स्वाति मिश्रा, जनपद सीईओ रूषाली पोरष शामिल हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जनपद कार्यालय के निर्माणाधीन नीवन भवन का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बुधनी जनपद कार्यालय में आयोजित शिविर में विधायक रमाकांत भार्गव, एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, जनपद उपाध्यक्ष हर्मेंद्र नागर, जनपद सीईओ सुप्रिया दुफारे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। भैरूंदा में आयोजित शिविर में एसडीएम सुधीर कुशवाह और जनपद सीईओ संजय अग्रवाल शामिल हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इसी प्रकार आष्टा जनपद कार्यालय में आयोजित शिविर में भी हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए और योजनाओं की जानकारी दी गई।

## 10 जनशिक्षा केंद्र के 540 रसोईया और सह सहायिकाओं को दिया प्रशिक्षण

### स्कूल में बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन परोसने के दिए निर्देश

**इछावर ।** स्कूल में एमडीएम के दौरान बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन परोसे जाने हेतु शुक्रवार को जनपद शिक्षा केंद्र के सभी 10 जनशिक्षा केंद्र के करीब 540 से अधिक रसोइयों और सह सहायिकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना को लेकर कई आवश्यक निर्देश भी दिए।



प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत विकासखंड के सभी जन शिक्षा केदो पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 540 से अधिक रसोइयों व सह सहायिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में भोजन पकाने के दौरान स्वच्छता गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन परोसे जाने पर बल देते हुए पकाने को लेकर कई टिप्स दिए गए। एमडीएम प्रभारी अनिल कलमोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण , स्वादिष्ट एवं पौष्टिक मध्यान भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विकासखंड के सभी जन शिक्षक केदो पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में शामिल रसोइयों को भोजन की गुणवत्ता , स्वच्छता एवं सुरक्षा मानव को के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

बीआरसी सुभाष चंद्र दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में जन शिक्षकों ने मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाई इससे पूर्व पीएम पोषण योजना प्रभारी द्वारा सभी जन शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था । भोजन वितरण से पहले उसे अनिवार्य रूप से चखने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी बताया गया कि विद्यार्थियों को भोजन परोसने के 30 मिनट पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षक द्वारा भोजन का स्वाद परीक्षण करना सुनिश्चित कर लेवें। इसके बाद ही बच्चों को भोजन वितरित किया जाएगा । भोजन से पहले विद्यार्थियों के हाथ साबुन से हाथ धुलवाये जाएं तथा बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों को समान रूप से भोजन परोसा जाए । अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि एमडीएम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । बीआरसी श्री दुबे ने प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय में भोजन हमेशा ताजा , स्वादिष्ट एवं निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार किया जाए । भोजन बनाने से पूर्व विद्यार्थियों को वास्तविक संख्या संबंधित शिक्षक से प्राप्त करना अनिवार्य है ।

उन्होंने कहा कि रसोईया केवल अधिकृत रसोईया एवं प्रभारी शिक्षक को ही प्रवेश करने की अनुमति दे । जनपद शिक्षा केंद्र के समस्त बीएसी को आवंटित जन शिक्षा केदो का सघन निरीक्षण एवं निर्देशानुसार मध्यान भोजन बनना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी बीएससी अनिल कलमोदिया , घनश्याम वर्मा , शैलेंद्र सिंह ठाकुर , महेंद्र सिंह सिसोदिया अशोक कुमार मालवीय , नरेंद्र सोलंकी , मनोज कुमार राठौर प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### दुर्गा चौक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# गांव-गांव फैलता नेटवर्क, प्रशासन पर संरक्षण के आरोप, 7 मांगों के साथ दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र में अवैध शराब के बढ़ते कारोबार को लेकर अब राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने दुर्गा चौक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम सुधीर कुशवाह को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध शराब पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की।

बीएसपी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भैरुंदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। गांव-गांव में खुलेआम शराब बेची जा रही है, जिससे सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि मोहल्लों में शराबियों की आवाजाही बढ़ने से भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।

### महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं का भविष्य बना बड़ा मुद्दा

ज्ञापन में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अवैध शराब के कारण घरेलू हिंसा और अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। युवाओं में नशे की लत तेजी से फैल रही है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के साथ बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।



### प्रशासन पर मिलीभगत के गंभीर आरोप

प्रदर्शन के दौरान बीएसपी नेताओं ने प्रशासन और आबकारी विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि भैरुंदा, गोपालपुर, रेहटी सहित कई क्षेत्रों में अवैध शराब की दुकानें खुलेआम संचालित हो रही हैं। ढाबों और ग्रामीण इलाकों में बिना किसी रोक-टोक के शराब बेची जा रही है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह सब बिना प्रशासनिक संरक्षण के संभव नहीं है। एक ही गांव में 4 से 5 अवैध दुकानें संचालित होने की बात भी सामने रखी गई।

**'डायरी सिस्टम' से सप्लाई का आरोप** :ज्ञापन में कथित 'डायरी सिस्टम' का भी उल्लेख किया गया, जिसके जरिए हर महीने गांवों में शराब की सप्लाई की जा रही है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शराब ठेकेदार संगठित तरीके से महिलाओं के माध्यम से अवैध बिक्री करवा रहे हैं, जबकि उनके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं है। इसे कानून के खिलाफ बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई।

**स्वास्थ्य सेवाओं और स्टाम्प वसूली पर भी सवाल :** प्रदर्शन के दौरान केवल अवैध शराब ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति भी उठाई गई। आरोप लगाया गया कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है और कई डॉक्टर निजी क्लीनिक संचालित कर मनमानी फीस वसूल रहे हैं। इसके अलावा तहसील कार्यालयों में स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर से अधिक वसूली का मुद्दा भी जोरशोर से उठाया गया।

**कार्रवाई नहीं तो आंदोलन तय :** बीएसपी नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब पर रोक लगाने सहित सभी मांगों पर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई।

## नगर परिषद अध्यक्ष मारुति पूरे समय मौजूद रहे, त्वरित निराकरण से लोगों को दी राहत

**भैरूंदा।** प्रधानमंत्री के कार्यकाल के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर परिषद भैरूंदा द्वारा शुक्रवार, 12 जून से तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर की शुरुआत की गई। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। शिविर आगामी 15 और 16 जून तक जारी रहेगा।




शिविर के पहले दिन ही नगर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। यहां जल व्यवस्था, स्वच्छता, भवन अनुज्ञा, नामांतरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई मुद्दों पर आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन ने अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान कर लोगों को राहत दी।

पहले दिन कुल 33 हितग्राहियों के प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें 4 संबल योजना, 5 पेंशन, 3 नोड्यूज, 16 पीएम स्वनिधि योजना, 3 मृत्यु प्रमाण पत्र, 1 विवाह प्रमाण पत्र और 1 सीएम हेल्पलाइन से जुड़े मामले शामिल रहे। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर पूरे शिविर के दौरान उपस्थित रहे और स्वयं निगरानी करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।


उन्होंने बताया कि जो समस्याएं स्थानीय स्तर पर हल हो सकती थीं, उन्हें तुरंत निपटा दिया गया है, जबकि शासन स्तर से जुड़ी समस्याओं के लिए संबंधित विभागों को पत्राचार कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

शिविर में उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, नगर परिषद सीएमओ आर.पी. भावरे, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कैलाश धावरे, महेंद्र परिहार सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

# श्याम रंग में रंगा खुजनेर: परमा एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजा दरबार

## दूर-दूर से निशान यात्रा लेकर पहुंचे श्रद्धालु, भजन-कीर्तन और महाआरती में देर रात तक गूंजे बाबा श्याम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



अधिकमास की परमा एकादशी पर मालवा के श्री खाटू श्याम मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना। सुबह से देर रात तक मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल निशान यात्रा लेकर बाबा श्याम के दरबार पहुंचे। पूरे दिन मंदिर परिसर श्याम भक्ति में सराबोर नजर आया और परमा एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम का पूजन-अर्चन कर जल कलश अर्पित किए भक्त निशान यात्रा के साथ भक्ति गीतों और श्याम भजनों पर झूमते हुए भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे। श्री श्याम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा मंदिर समिति द्वारा इस अवसर पर बाबा श्याम का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगे फूलों से सजे दरबार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दिनभर महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया शाम को महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति भाव से बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।



### 50 से अधिक सेवादारों ने संभाली व्यवस्था

श्री श्याम मंदिर में हर एकादशी उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 50 से अधिक सेवादार दिनभर व्यवस्था संभालने में जुटे रहते है दर्शन, प्रसाद वितरण, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता हैं जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं ने बताया कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ बाबा श्याम के दरबार में आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि प्रत्येक एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं परमा एकादशी पर भी पूरा खुजनेर नगर श्याम भक्ति के रंग में रंगा नजर आया है।

### गर्मी के बीच श्रद्धालुओं को मिली राहत

भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए मंदिर परिसर में पानी की फुहार, कूलर और पंखों की व्यवस्था की गई, जिससे दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिल सके इसके अलावा भक्तों के लिए फलाहार एवं फरियाली प्रसाद का वितरण भी किया गया।

---

## प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर हुए लामबंद

# ओसवाल डेनिम फैक्ट्री में मजदूरों की हड़ताल आश्वासन के बाद काम पर वापस लौटे श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम प्राइवेट लिमिटेड में गुरुवार को मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल कर दी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई हड़ताल में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए और प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर लामबंद हो गए।

हड़ताल के दौरान श्रमिकों ने मांग की कि आगामी 10 जुलाई तक सभी कर्मचारियों का बकाया वेतन कटौतियों एवं एरियर सहित भुगतान किया जाए। इसके अलावा प्रत्येक माह की 8 तारीख तक नियमित रूप से वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची (सैलरी स्लिप) उपलब्ध कराई जाए। श्रमिकों ने यह भी मांग उठाई कि सभी कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी (सरकारी रेट) के अनुसार वेतन दिया जाए।



### योग्यता के आधार पर मिले वेतन और अन्य सुविधा

मजदूरों ने कहा कि कर्मचारियों की योग्यता एवं कार्य के आधार पर वेतन और अन्य सुविधाओं का निर्धारण किया जाए तथा इस संबंध में जुलाई माह तक आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही किसी भी श्रमिक के साथ गलत व्यवहार न हो और शिकायतों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। हड़ताल की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सुनीता सिंह, पटवारी अर्पित सक्सेना मौके पर पहुंचें, उनके साथ यूनिट हेड मदन गोपाल चैधरी अध्यक्ष औद्योगिक संगठन पीलूखेड़ी, मयंक बाजपेई एचआर मैनेजर ओसवाल, श्याम सुंदर शर्मा जनरल मैनेजर तथा फैक्ट्री प्रबंधन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार ने सुनी श्रमिकों की समस्या

नायब तहसीलदार सुनीता सिंह ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर कार्य बंद कर हड़ताल की गई थी। कर्मचारियों की प्रमुख मांग थी कि उनका वेतन समय पर मिले। पहले वेतन 10 तारीख तक दिया जाता था, लेकिन कर्मचारियों ने इसे 8 तारीख तक देने की मांग रखी थी, जिसे प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया है। अब कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह 8 तारीख तक उनके खातों में जमा किया जाएगा। कर्मचारियों की दूसरी मांग वेतन पर्ची (सैलरी स्लिप) उपलब्ध कराने की थी। पहले मांगने पर कागज पर सैलरी स्लिप दी जाती थी, लेकिन अब प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से सैलरी स्लिप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### छोटी-मोटी समस्या आती है, तो उसका समाधान जरूरी है

फैक्ट्री प्रबंधन ने कहा कि धरने पर बैठे सभी श्रमिक उनके परिवार का ही हिस्सा हैं और सभी लोग मिल-जुलकर कार्य करते हैं। कुछ कारणों से श्रमिकों ने फैक्ट्री गेट पर आकर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया था। प्रबंधन और श्रमिकों के बीच बातचीत हुई, जिसमें श्रमिकों की प्रमुख मांगों पर सहमति बनाने का प्रयास किया गया। प्रबंधन ने बताया कि श्रमिकों की मुख्य मांग वेतन समय पर मिलने की थी। इस संबंध में प्रयास किया जाएगा कि कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह की 8 तारीख तक उनके बैंक खातों में जमा कर दिया जाए। दूसरी मांग वार्षिक वेतनवृद्धि से संबंधित थी, जो सामान्यतः मई माह में लागू होती है। इस बार तकनीकी कारणों से मई के वेतन में वेतनवृद्धि शामिल नहीं हो पाई, लेकिन जून माह के वेतन में एरियर सहित इसका लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। प्रबंधन ने यह भी कहा कि बड़े संस्थानों में छोटी-मोटी समस्याएं सामने आती रहती हैं।

### समस्याओं के शीघ्र समाधान आश्वासन पर खत्म हुई हड़ताल

अधिकारियों ने श्रमिकों की मांगों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासन और प्रबंधन की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद श्रमिकों ने हड़ताल समाप्त कर दी और दोपहर करीब 2:30 बजे पुनः अपने कार्य पर लौट गए। श्रमिकों ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। हड़ताल के दौरान फैक्ट्री परिसर में कुछ समय के लिए कार्य प्रभावित रहा, लेकिन प्रशासन और प्रबंधन के हस्तक्षेप से स्थिति शांतिपूर्ण ढंग से नियंत्रित हो गई। श्रमिकों और प्रबंधन के बीच सहमति बनने के बाद उत्पादन कार्य पुनः सामान्य रूप से शुरू हो गया।

### वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) और एरियर भुगतान का मुद्दा भी उठाया

नायब तहसीलदार ने बताया कि कर्मचारियों ने वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) और एरियर भुगतान का मुद्दा भी उठाया था। इस माह के वेतन के साथ उन्हें एरियर और इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिल पाया था। इस संबंध में प्रबंधन ने लिखित रूप से आश्वासन दिया है कि अगले माह के वेतन के साथ कर्मचारियों को एरियर और इंक्रीमेंट का भुगतान किया जाएगा।

---

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनाया नया कीर्तिमान, सारंगपुर में हुए विशेष पूजा-पाठ व आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

देश के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित पद पर रहने का नया कीर्तिमान स्थापित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र की समृद्धि की कामना की गई। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जनसंपर्क कर आमजन से संवाद किया तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 4399 दिन तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया इतिहास रचा है। उनके नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने निःशुल्क राशन, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, सड़क एवं रेलवे विस्तार तथा वंदे भारत ट्रेनों जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। नगर के तिलभांडेश्वर मंदिर, शिवनगर स्थित श्रीराम मंदिर एवं साईं मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर विशेष प्रार्थनाएं की गईं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर श्रीमाल, आशुतोष वैद्य,पवन पारीक, भूपेंद्र जोशी, संतोष जोशी, जयप्रकाश जोशी, विजय सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## जबरन कब्जे और जान से मारने की धमकी का आरोप

# भूमि विवाद: तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



समीप ग्राम बालोड़ी के कई ग्रामीणों ने अपनी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि पर जबरन कब्जा करने के प्रयास, सीमांकन कार्यवाही को प्रभावित करने तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने के संबंध में तहसीलदार सारंगपुर के नाम गुरुवार को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम बालोड़ी निवासी फरियादियों की भूमि सर्वे नंबर 251, 658, 659 एवं 660, कुल रकबा लगभग 9.910 हेक्टेयर पर वर्षों से उनका कब्जा एवं उपयोग बना हुआ है। फरियादियों का कहना है कि उक्त भूमि उनके पूर्वजों के समय से उनके अधिकार एवं आधिपत्य में है तथा वे नियमित रूप से भूमि का लगान भी जमा करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि पर अपना दावा करते हुए सीमांकन कराने और कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। फरियादियों के अनुसार संबंधित व्यक्ति ने राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर प्रशासनिक स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश की है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सीमांकन की प्रक्रिया के दौरान बाहरी लोगों को साथ लाकर विवाद की स्थिति निर्मित की जा रही है तथा मौके पर लड़ाई-झगड़ा कर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। फरियादियों का कहना है कि जिस भूमि को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है, उसका उपयोग वे लंबे समय से कृषि कार्य के लिए करते आ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपित व्यक्ति के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा विवादित भूमि की सीमांकन कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और भूमि पर उनके अधिकारों की रक्षा करने की भी मांग की है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की संभावना है। ज्ञापन देने वालों में हिम्मत सिंह, हुकम सिंह,वीरेंद्र सोलंकी,जीवन सिंह,प्रेम सिंह, भागवत सिंह,मोड सिंह,बने सिंह, कालू सिंह,इंदर मालवीय, दुलीचंद मालवीय,कैलाश मालवीय सहित ग्रामीण मौजूद थे।

---

## एसडीएम से मिले अधिवक्तागण

# नई तहसील भवन में बैठक व्यवस्थाओं पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ

बुधवार को अधिवक्तागण एसडीएम सुशील कुमार से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे तथा कुछ दिनों बाद नये भवन में शिफ्ट होने जा रहे एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओ तथा दस्तावेज लेखकों की बैठक व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। नरसिंहगढ अभिभाषक संघ अध्यक्ष कैलाश यादव नें नये भवन में तहसील व एसडीएम कार्यालय की कार्य व्यवस्था प्रारंभ होने के पूर्व अधिवक्ताओ के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था बनाये जाने की मांग रखी जिससे न्यायालयीन कार्य करने में अधिवक्ताओ जो सुविधा रहे।

एसडीएम सुशील कुमार नें विभिन्न विकल्पों पर चर्चा करते हुए बताया कि नये भवन में अधिवक्ताओ के लिए एक अलग से हॉल की व्यवस्था रखी गई है तथा जगह का सही चुनाव कर बैठक व्यवस्था हेतु टीन शेड शीघ्र ही लगवाए जावेंगे, दस्तावेज लेखक, कैंटीन आदि के लिए भी व्यवस्था बनाई जा रही है।

---

# सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महाआरती आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा थाना परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर में भव्य महाआरती एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने हनुमान जी महाराज की आराधना कर देश, प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, विकास और जनकल्याण की कामना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचरण किरार , भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दिनेश गुर्जर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , भाजपा मंडल महामंत्री रमेश चंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार , भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिवचरण मण्ड़लोई , शिवराज सिंह चैहान, गिरीराज जुलानिया , श्याम टेलर ,अजय बैरिस्टर , कमल कुंभकार, राजेंद्र परिहार, कमल झावा, सत्यनारायण भावसार, भूपेंद्र जमीदार, जितेंद्र तोमर, श्याम राठौर, गोविंद गुप्ता रेडीमेड , गोविंद बरोंज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## एसडीएम की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक का हुआ आयोजन

# लापरवाही पर प्रशासन सख्त, बारिश से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शहर में निर्माणाधीन सिटी पोर्शन सड़क को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को इसी विषय को लेकर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम सुशील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त बैठक में लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को तत्काल गति देकर वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले पूरा किया जाए। बैठक में नागरिकों की आवाजाही, जल निकासी और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।



### रहवासियों की परेशानी दूर करने पर जोर

बैठक में सामने आया कि पुलिस कॉलोनी से सीएम राइज स्कूल तक सड़क का एक हिस्सा लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे स्थानीय रहवासियों, विशेषकर लोहकुटा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि आवश्यक ढलान, सीढ़ियों और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था कर लोगों की परेशानी तत्काल दूर की जाए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान नगरपालिका के कचरा वाहनों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के आवागमन में कोई बाधा न आने देने के निर्देश भी दिए गए।

### जलभराव और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस

बैठक में निर्माणाधीन सड़क के दोनों ओर समुचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई। अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी को नालियों एवं वर्षा जल निकासी की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न बने। इसके अलावा सड़क निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर और चेतावनी पट्टिकाएं लगाने, कटान एवं अस्थायी ढलानों की मरम्मत करने तथा दुर्घटना की स्थिति में निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुरक्षा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

---

## पीड़ित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज

# पुलिस के नाम पर 10 हजार वसूले, दी जान से मारने धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के एक युवक द्वारा पुलिस के नाम पर अवैध वसूली और धमकी का मामला सामने आया है। सिविल अस्पताल के पास चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले एक 55 वर्षीय दुकानदार राजेश जमींदार से आरोपी आशिक मंसूरी ने 10 हजार रुपए ऐंठ लिए और पैसे मांगने पर गाली-गलौज कर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर जीरापुर थाना पुलिस ने धारा 296 (इ) और 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### इस प्रकार है मामला

फरियादी कि रिपोर्ट अनुसार आवास कॉलोनी राजेश जमींदार कि सिविल अस्पताल के पास दुकान है। जर्जर छत को तुड़वाकर वह नई छत डलवा रहे थे। 07 जून की रात 02बजे छत डलने का काम चल रहा था, तभी गश्त पर निकली पुलिस ने रात में काम बंद कर दिन में काम करने को कहा। इस दौरान इस मामले मामले नया मोड़ आया और 08 जून को दोपहर 12 बजे के लगभग आरोपी युवक ने फोन कर कहा कि 10 हजार रुपए दे दो, पुलिस को देकर तुम्हारा छत का काम करवा दूंगा, वरना काम नहीं होगा। पीड़ति ने अपनी पत्नी से 10 हजार रुपए दिलवा दिए। 10 जून को सुबह 10 बजे जब फरियादी ने आरोपी से काम के बारे में पूछा तो उसने गालियां देते हुए कहा- चुप रह, तेरा काम हो जाएगा। अगर किसी से कहा तो तुझे और तेरे परिवार को जान से खत्म करवा दूंगा।घटना के समय फरियादी के साले और उनके साथी भी मौजूद थे। रात 11 बजे फरियादी कि रिपोर्ट पर से प्रकरण दर्ज हुआ।

## खबर संक्षेप

### सहायक आयुक्त ने किया केसला कार्यालय एवं स्कूल का निरीक्षण

**केसला।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विकासखंड केसला अंतर्गत कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी केसला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। तत्पश्चात शासकीय एकीकृत हाईस्कूल झुनकर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री संजय त्रिवेदी, उच्च पद प्रभारी शिक्षक उपस्थित पाए गए, जबकि प्राचार्य सहित शेष समस्त स्टॉफ अनुपस्थित मिला। अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

### जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने मांगी स्वीकृति

**पिपरिया।** पिपरिया ई-पंचायत की ग्राम पंचायत सुरेला किशोर के कांठी बुधनी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से भोपाल जाकर मिलीं तथा अन्य विकास कार्य पर चर्चा हुई। अपने बार्ड के कांठी बुधनी गांव में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति मांगी गई है। इस दौरान खापरखेड़ा जनपद पंचायत सदस्य विद्या पटेल , जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित अनेक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र में तबादला पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि सचिव के ससुराल वालों रिश्ते दार निजी निवास कू आसपास नहीं होगा तबादला नही होगा ।

### पंचायत भवन के सामने मुख्य द्वार पर ही घुटने तक भरा पानी

**सोहागपुर।** पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचलाबरा में एससी वर्ग से सरपंच प्रदीप मेहरा को जनता के द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया है। लेकिन अभी वर्तमान में पंचायत भवन के सामने मुख्य द्वार पर ही घुटने तक पानी भरा हुआ है। तथा मुख्य मार्ग पर भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पानी भरा हुआ है। कोई निकासी नहीं होने से लगभग सभी रास्ते में यही हालात बने हैं। सरपंच प्रदीप मेहरा की पंचायत में सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के तिघडागांव के निवासी हैं।

---

### मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी अभियान के तहत लगा शिविर

# नगर परिषद कार्यालय में नागरिकों को मिला विभिन्न योजना का लाभ

कार्यक्रम में आवश्यक दस्तावेजों व प्रमाण-पत्रों का वितरण भी किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



मध्यप्रदेश शासन द्वारा 12 जून से 15 जून तक संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी अभियान के अंतर्गत आज नगर परिषद कार्यालय परिसर में नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया तथा आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण-पत्रों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदया ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि केंद्र एवं राज्य शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, पात्रता पर्ची एवं अन्य महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिनेश चौधरी, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद मदन वर्मा, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद विजय सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेंद्र सिँह जाटव नगर परिषद के कर्मचारी जयप्रकाश फ़रेला अजय छाय अमित शर्मा आनंद कटारिया पप्पू रावत पिंटू चंद्रवंशी दिनेश वर्मा नेहाल वर्मा जीतेन्द्र वर्मा हरेंद्र ठाकुर महेंद्र पाल बकोरिया लव नागोरी सुनील दुबे मनोज वर्मा राजकुमार वर्मा अजय सरवान सन्देश तोमर सहित नगर परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



---

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ आचार्य अभ्यास वर्ग समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आचार्य अभ्यास वर्ग के समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग सह संघ चालक बाबु सिंह ठाकुर, जिला मार्ग प्रमुख सुदीप सिंह ठाकुर, विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिथि परिचय त्रिलोक सिंह स्वागत नीलू ठाकुर, मनीषा शर्मा, अमृत वचन, ममता शर्मा, व्यक्तिगत गीत रानु भरेवा उसके बाद अतिथि उद्बोधन में हम प्रतिवर्ष आचार्य अभ्यास लगते हैं। जिससे आचार्य दीदी का विकास होता है। देवपुत्र पत्रिका में ज्ञानवर्धक बातें आती हैं। एक बच्चे को गुरुजी पूछ की गुरुजी हथिनी का बच्चा दूध कैसे पीता है, मुंह से पीता है या सूंड से। विज्ञान आज से नहीं है आध्यात्मिक दृष्टि से भी आत्मसमर्पण का अभाव हमारे लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सद्भाव समरसता का भाव भगवान राम ने केवट को गले लगाया। शबरी के झूठे बेर खाए।

भारत को समग्र करना है तो हमें शारीरिक आध्यात्मिक बौद्धिक मानसिक प्राणिक शोषण कुरीति भारत को पुणे विश्व गुरु बनाना है। और यह कार्य शुरू हो गया है। इसलिए शिशु मंदिर के भैया बहन राजनीति में अन्य व्यवसाय कार्य में शासकीय सर्विस में गुरु गोविंद सिंह दो शिष्य थे।

एक सज्जन दूसरा घमंडी संगठित रहे एक रहे। सज्जन व्यक्ति को कहां कहां बिखरो ताकि समाज का उत्थान हो सके इसलिए हम सबको भी लक्ष्य को देख करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के आचार्य दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन सौभल सिंह ठाकुर ने किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन किया गया।

---

# इंदौर से विदिशा जाते समय संत शिरोमणि अछलानंद सेन महाराज का नगर में किया स्वागत और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इंदौर से विदिशा की ओर प्रवास के दौरान संत शिरोमणि पूज्य अछलानंद जी सेन महाराज का आष्टा आगमन हुआ। इस अवसर पर समाजजनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा महाराज श्री का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने महाराज श्री को साल एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रवास के दौरान पूज्य महाराज रॉयल कॉलोनी आष्टा स्थित शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया।

मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में महाराज श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार, सदाचार एवं समाज सेवा का संदेश देते हुए सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। महाराज श्री के आशीर्वचनों से उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से गोविंद चौहान, अम्बाराम वर्मा, रवि वर्मा, नितिन वर्मा, पवन वर्मा बुल्लू, रोहित सेन, दिनेश सेन, सतीश मालवीय, संतोष मालवीय, ओम झाला, नर्बदा मालवीय, शुभम सेन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने महाराज श्री का स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वातावरण पूर्णतः धार्मिक एवं भक्तिमय रहा। समाजजनों ने महाराज श्री के आगमन को सौभाग्य बताते हुए उनके उज्ज्वल स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना की।



---

# आधी रात को लाखों की ले जा रहे थे सागवान, वन अमले ने कार्रवाई कर जब्त की लकड़ी और बाइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

वन विभाग की लाख कोशिशें के बाद भी लकड़ी माफिया जंगलों से लकड़ी काटने से बाज नहीं आ रहे हैं। वही वन विभाग की टीम द्वारा निरंतर रात्रि गस्त की जा रही है। जिसका परिणाम है कि वनविभाग को सफलता मिल रही है। रेंजर नवनीत झा के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर रात्रि गस्त कर रही है। वहीं मुखबिर भी पूरी सक्रियता के साथ वन विभाग का सहयोग कर रहे हैं। गुरुवार को डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान अपनी टीम के साथ रात्रि गस्त कर रहे थे तभी लगभग रात्रि 2:00 बजे मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की रामपुरा लालघाटी से चार मोटरसाइकिल आ रही है। जिस पर अवैध सागवान लकड़ी बंधी हुई है।

सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान अपनी टीम के साथ रामपुरा लालघाटी पहुंचे। जहां उन्हें चार मोटरसाइकिल आती दिखी। वन विभाग की टीम को देखकर लकड़ी चोर मोटरसाइकिल सहित लकड़ी फेंककर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर भाग गये। वन विभाग की टीम द्वारा मोटरसाइकिल व लकड़ी को जप्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। मोटरसाइकिल व लकड़ी की कुल कीमत 52550 रुपए आकी गई। इस कार्रवाई में रेंजर नवनीत झा, डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान, वनरक्षक दीपेश राठौर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, स्थाई कर्मी भेरू सिंह मालवीय, सुरक्षा श्रमिक शेर सिंह, धन सिंह, कैलाश का योगदान रहा।



---

# हज यात्रा से लौटने पर किया गया हाजियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

हज यात्रा से गत दिवस लौटे डॉ. जोएब अली तथा उनके परिजनों व सहयात्रियों का नागरिकों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्वागत किया है। बुधवार रात डॉ. अली परिजनों सहित ट्रेन से लौटे, जहां लोगों ने उनका फूलमालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान मुफद्दल अली, अब्बास अली, मोइनुद्दीन खान, जुज़ार अली, मुर्तज़ा अली, अली असगर अली, यूसुफ अली आदि उपस्थित रहे। डॉ. जोएब अली ने हरिभूमि को बताया कि वे 45 दिनों से अधिक समय की मुबारक स्थल मक्का मदीना यात्रा पर गए थे।



वहीं बुधवार रात को हेल्थ पर्यावरण संस्था की ओर से कृष्णा पालीवाल, ज्ञानी सुरजीत सिंह, बलवीर पवार व अन्य साथी सदस्यों ने डॉ. जोएब अली के निवास पहुंचकर उन्हें सफल हज यात्रा की बधाई दी तथा अभिनंदन किया।

---

# खरीफ सीजन के लिए उर्वरक उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की अधिकारियों ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देश अनुसार अनुविभाग सोहागपुर में खरीफ सीजन के दृष्टिगत खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा के लिये गत दिवस एक बैठक की गई। जपं सभा कक्ष में हुई उक्त बैठक की अध्यक्षता एसडीएम प्रियंका भलावी ने की।

बैठक में जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष, कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में समितियों एवं डबल लॉक केंद्रों पर उपलब्ध उर्वरकों की स्थिति की समीक्षा की गई। किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से किसानों को आ रही समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए।



एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में वर्तमान में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से अग्रिम रूप से ई-टोकन बुक कर खाद प्राप्त करें तथा अपनी सुविधा अनुसार निकटतम समिति से खाद का उठाव करें। इससे किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा व भीड़भाड़ से बचने में सुविधा होगी। बैठक में खाद वितरण व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने तथा किसानों को समय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

---

# भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने समाजसेवी स्व. धारवा को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने आष्टा पहुंचकर मनीष धारवा के बड़े पापा एवं पंकज धारवा के पूज्य पिताजी समाजसेवी स्वर्गीय लीलाधार जी धारवा के निवास पर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि स्वर्गीय लीलाधार जी धारवा समाज के सम्मानित एवं सेवाभावी व्यक्तित्व थे। उनका सामाजिक जीवन प्रेरणादायक रहा है तथा समाज के प्रति उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, तारा कटारिया, अतुल शर्मा, उमेश शर्मा, विशाल चौरसिया, मोहित सोनी, पंकज यादव, चेतन छाजड़, पवन वर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, संजय वर्मा, कृष्णा शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी उपस्थितजनों ने स्वर्गीय लीलाधार जी धारवा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित कर सामाजिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।



---

### नगर परिषद सोहागपुर में पंप चालकों एवं वार्ड प्रभारियों की बैठक आयोजित

# 'जहां नर्मदा जल कनेक्शन, वहां नपा कनेक्शन बंद हो'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर परिषद सोहागपुर कार्यालय में गत दिवस सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में सभी पंप चालकों एवं वार्ड प्रभारियों की बैठक की गई। जिसमें शहरी वार्डों में नर्मदा जल योजना एवं नप पाइपलाइन से प्रदाय पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन घरों में नर्मदा जल योजना एवं पुरानी नगर पालिका पाइपलाइन दोनों के नल कनेक्शन लगे हुए हैं, उनमें से पुरानी नगर पालिका के नल कनेक्शन नियमानुसार विच्छेदित किए जाएं।



साथ ही जिन उपभोक्ताओं के यहां नर्मदा जल योजना के एक से अधिक कनेक्शन हैं तथा वे अतिरिक्त कनेक्शन हटवाना चाहते हैं, तो उनके अतिरिक्त कनेक्शनों को भी नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिये गए कि जिन वार्डों में सार्वजनिक नलों पर टोंटियां नहीं लगी हैं, वहां शीघ्र टोंटियां लगाई जाएं। ताकि जल की अनावश्यक बर्बादी को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त ऐसे घरों एवं क्षेत्रों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए जहां नर्मदा जल योजना का पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच रहा है, जिससे आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कर पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाया जा सके। इस दौरान उपयंत्री बृजेश खानोरकर तथा सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई सहित सभी वार्ड प्रभारी तथा पेयजल वितरण व्यवस्था से जुड़े ऑपरेटर उपस्थित थे।

#### समय का रखें ध्यान

मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने सभी पंप चालकों से जल प्रदाय व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा नागरिकों को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पूर्ण जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल की अधिक आवश्यकता नागरिकों को होती है।

अतः इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की सुबह तथा शाम की पाली में जल वितरण का समय अन्य मौसमों की अपेक्षा फिलहाल अधिक रखा जाए। सीएमओ शर्मा ने कहा कि सभी वार्ड प्रभारी अपने वार्ड क्षेत्र में वॉटर डिमांड की भी जानकारी जुटाते रहें। ताकि नागरिकों को समय व आवश्यकता के अनुकूल जल की आपूर्ति प्रतिदिन दोनों पालियों में की जा सके।

---

# प्रधानमंत्री के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने किया सुंदरकांड पाठ आयोजन

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया हर्ष, दी बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश अनुसार बुधवार की शाम नगर के मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने सस्वर पाठ का वाचन किया।

आमंत्रित भजन मंडल के कलाकारों द्वारा भी भजन प्रस्तुत किये गए। भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज व सोहागपुर नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि ओके धार्मिक कार्यक्रम में सोहागपुर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दी। तथा सभी ने एक दूसरे को नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दीं।

भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल तथा मंडल अध्यक्ष नीरज यादव ने बताया कि युवा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण उत्साह के साथ सहभागिता की तथा आतिशबाजी कर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य बाजार क्षेत्र में किया गया।

